पंजाब केसरी 04/10/2025

# अंतर जिला युवा रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीते कई पुरस्कार

अम्बाला, 3 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के यूथ रैडक्रॉस के विद्यार्थियों ने वृंदावन में आयोजित अंतर जिला युवा रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में कई पुरस्कार हासिल करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि शिविर के दौरान उनके कॉलेज के डॉ. अनीश कुमार को श्रेष्ठ एंकर एवं संसाधन व्यक्ति का पुरस्कार मिला। इसके अलावा कॉलेज की टीम को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एवं समूहगान प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार मिला, जबकि सपना ने श्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और उनका मार्गदर्शन करने वाले वाई.आर.सी. संयोजक डॉ. राकेश एवं डॉ. अनीश कुमार को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने विद्यार्थियों में उत्कृष्टता, सृजनात्मकता और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।